52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.5°c | अधिकतम 33.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:42 सूर्यास्त : 7:06 | वर्ष : 52/ अंक : 218 | बुधवार, 07 अगस्त 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

सच हमेशा फैसला करवाता है, जबकि एक झूठ व्यक्तियों में फांसला करवाता है।

वाट्सप पर डीएम की फोटो लगाकर साइबर ठगों ने तहसीलदार से 50 हजार ठगे : बदायूं

ठगी

भले ही उनके लिए ये रकम मामूली हो.... लेकिन चोट बड़ी है......

# अंधेर नगरी : 6 साल के बच्चे को कक्षा में ही बंद करके चली गयी मास्टरनी

**घर ना पहुंचने पर तलाश के बाद स्कूल में बंद बच्चे को मुक्त कराया**




**जानसठ, 6 अगस्त (बु.)।** मास्टरनी की गफलत की सजा एक मासूम को भुगतनी पड़ी। इलाके के एक गांव में अध्यापक छुट्टी के बाद छह वर्षीय स्कूली छात्र को स्कूल के कमरे में बंद कर घर चले गए। उसके घर ना पहुंचने पर परिजन तलाश करने पहुंचे तो छात्र स्कूल के कमरे में बंद मिला। परिजनों और ग्रामीणों की सूचना पर सह अध्यापिका के पति ने आकर स्कूल खोला तब कहीं जाकर बच्चे को कांपते हुए स्कूल के कमरे से बाहर निकाला गया। बीएसए ने मामले का संज्ञान लेते हुए सहायक अध्यापिका रविता रानी को निलम्बित कर दिया।

बताया गया है कि मंगलवार सुबह छह वर्षीय छात्र लक्की पुत्र अर्जुन निवासी गांव गुजरहेड़ी मजरा तालडा तहसील जानसठ कक्षा एक में पढ़ने के लिए प्राथमिक विद्यालय में गया। प्राथमिक विद्यालय गुजरेड़ी के स्कूल में दो कमरों में 39 बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल में दो अध्यापिकाएं तैनात हैं। मंगलवार को राधिका पत्नी अर्जुन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका छह वर्षीय पुत्र लक्की प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र है। जिसमें प्रधानाध्यापिका सपना जैन और सह अध्यापिका रविता रानी पढ़ती हैं। उन्होंने तहरीर में आरोप लगाया कि दोनों अध्यापिका बच्चों से झाड़ू व साफ-सफाई भी करवाती हैं। जब उनका पुत्र छुट्टी के बाद भी घर नहीं पहुंचा तो उन्होंने उसे गांव और आसपास में तलाश किया। स्कूल के पास पहुंचने पर स्कूल के अंदर कमरे से लक्की के रोने की आवाज सुनाई दी। तब उन्हें पता चला कि स्कूल की छुट्टी के समय लक्की को अध्यापिका स्कूल में बंद करके चली गई हैं। मौके पर गांव वाले भी इकट्ठा हो गए। छात्र को स्कूल में बंद करने की सूचना प्रधानाध्यापिका सपना जैन और 1076 नंबर पर दी गई। सूचना पाकर सपना जैन ने अध्यापिका रविता रानी को फोन किया। रविता रानी ने अपने पति को स्कूल की चाबी लेकर स्कूल में भेजा। स्कूल खुलने पर बच्चा बदहवास हालत में पड़ा हुआ मिला। उसके बाद बच्चे को स्कूल से बाहर निकाला गया। राधिका ने रविता रानी के पति पर उसे और अपने देवर को गाली गलौंच देने का भी आरोप लगाया है। इस विषय में जब प्रधानाध्यापिका सपना जैन ने बताया कि बच्चा कैसे स्कूल में बंद रह गया यह पता ही नहीं चल पाया है। हो सकता है किसी ग्रामीण ने साजिश कर पीछे की खिड़की से बच्चे को अंदर बंद कर दिया हो। एबीएसए राकेश गौड का कहना है कि वे आज पुरकाजी गये हुए थे। बच्चे के स्कूल में बंद होने का पता चला है। स्कूल के अध्यापक से बात की गई है जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।





## साधु वेशधारी शख्स द्वारा आशीर्वाद के रूप में दिया गया पानी पीने से युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** शहर से सटे मखियाली गांव में आटा चक्की संचालक शुभम की मौत से पूरे इलाके में सनसनी है। आरोप है कि युवक की मौत एक साधु द्वारा दिए गए पानी के पीने से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मखियाली गांव निवासी 25 वर्षीय शुभम गांव में ही आटा चक्की चलाता था। बताया गया है कि सोमवार दोपहर को वो अपनी चक्की पर बैठा हुआ था। इसी बीच चक्की पर आये एक साधु ने उससे भिक्षा मांगी। शुभम ने साधु का सत्कार करते हुए उसे दस रुपये दे दिए। आरोप है कि साधु ने आशीर्वाद के रूप में शुभम को अपने पास से पीने का पानी भी दिया। पानी देने के बाद साधु महाराज तो वहां से चले गए, मगर कुछ देर बाद शुभम बेहोश हो गया। परिजन चक्की पर पहुंचे तो बेहोश पड़े शुभम को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया है कि उपचार के दौरान शुभम को एक बार को होश भी आया और उसने इस पूरे मामले की जानकारी परिजनों को दी। मंगलवार सुबह शुभम की मौत होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए नई मंडी पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंडी पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की सही वजह सामने आ पायेगी। परिजनों द्वारा लगाये गये आरोपों को गंभीरता से लेकर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## डीएम की डीपी लगाकर तहसीलदार को ठगा

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में बदायूं के जिलाधिकारी की डीपी लगा कर शातिर ठगों ने तहसीलदार को 50 हजार रुपये का चूना लगा दिया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर क्षेत्र अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि सदर तहसील के तहसीलदार सुरेंद्र कुमार नेसाइबर थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया कि जिलाधिकारी बदायूं श्रीमती निधि श्रीवास्तव की डीपी लगी व्हाट्सएप एसएमएस व कॉल कर उनसे उनके साथ 50 हजार रुपये की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये ठगी गयी 50 हजार रुपये की धनराशि बैंक में होल्ड कराया गया तथा इस सम्बन्ध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## अवैध बेसमेंट बंद नहीं किए तो एमडीए करेगा सील

**पंद्रह दिन के भीतर ऐसे अवैध पाए गए तहखानों को बंद करने के आदेश**

**भविष्य में ऐसे बेसमेंट का प्रयोग ना करने का भी देना होगा सर्टीफिकेट**

**मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)।** दिल्ली की घटना के बाद उत्तर प्रदेश शासन के सख्त होने पर मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने शहर और जिले में अवैध बेसमेंट को लेकर नजर टेढ़ी की है। एमडीए उपाध्यक्ष द्वारा बीते दिनों निरीक्षण के बाद अवैध व अमानक पाए गए बेसमेंट को नोटिस जारी करते हुए उन्हें सील करने की चेतावनी दी गई है। एमडीए ने ऐसे अवैध व अमानक बेसमेंट का उपयोग बंद करने के लिए पंद्रह दिन के भीतर संबंधित भवन स्वामियों को इसकी सूचना उपलब्ध कराने को कहा है।

विगत दिनों दिल्ली के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत के बाद अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-9, उत्तर प्रदेश ने बेसमेन्ट में जलभराव से घटित जनहानि सम्बन्धी दुर्घटना के दृष्टिगत अपेक्षित सावधानी एवं सुरक्षा सुदृढ़ किये जाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसमें कहा गया कि यदि स्थल पर बेसमेन्ट का निर्माण प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरान्त किया जा रहा है तो सुनिश्चित किया जाये कि स्थल पर बेसमेन्ट का निर्माण स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही किया जाये एवं बेसमेन्ट के स्वीकृत मानचित्र में उल्लिखित उपयोग यथा- पार्किंग, स्टोरेज के उपयोग हेतु ही किया जाये। यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में खुदाई किया जाना आवश्यक हो, तो समुचित मानक सुरक्षा उपायों के साथ ही की जाये, जिससे वहां निवासित व्यक्तियों, कार्यरत श्रमिकों अथवा अन्य को किसी प्रकार की जान-माल का खतरा उत्पन्न न हो। मानसून उपरान्त भी यदि खुदाई की जाती है, तो स्थल पर सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखा जाये, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके, यदि किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो उसका उत्तरदायित्व भवन स्वामी का स्वयं का होगा। यदि स्थल पर निर्माण कार्य प्रगति पर है तो स्थल पर बेसमेन्ट का निर्माण स्वीकृति के विपरीत न किया जाये। विगत दिनों एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा ने शहर में कई संस्थानों के बेसमेंट का निरीक्षण कर उन्हें अमानक या अवैध पाया था। अब एमडीए ने कहा है कि जिन संस्थानाओं/भवन स्वामियों द्वारा बेसमेन्ट में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत/अवैध रूप

शेष - पृष्ठ-4 पर

# पेपर मिल गेटों पर आए दिन के धरनों से तंग आए उद्यमी

**जिलाधिकारी से मिलकर पेपर मिल मालिकों ने सुनाई पीड़ा**

**पेपर मिल पर दबाव बनाने के मालिकों ने लगाए आरोप**

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** प्रदूषण जैसी समस्या को लेकर एक पेपर मिल का घेराव व प्रदर्शन करने को लेकर किसान यूनियन के एक गुट के खिलाफ उद्यमियों ने एकजुट होकर उन पर अनावश्यक दबाव बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप लगाते हुए डीएम से मिल इस परिपाटी से निजात दिलाने की मांग की। ऐसे धरनों से उद्यमियों में आक्रोश व्याप्त है। उधर, उद्यमियों की इस पीड़ा को सुनकर डीएम ने सदर एसडीएम व सीओ भोपा को फोर्स के साथ फैक्ट्री भेजा और उनसे मामले की रिपोर्ट मांगी। डीएम ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि दोषियों पर कार्यवाही होगी।

भाकियू तोमर के पदाधिकारी मंगलवार को ट्रैक्टर ट्रालियों और कारों में सवार होकर भोपा रोड के गांव मखियाली के पास स्थित मीनू पेपर मिल पर हंगामा करते हुए किसान नेताओं ने पहले गेट खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन जब चौकीदार ने मिल गेट नहीं खोला तो कुछ किसान गेट के ऊपर से कूदकर अंदर घुस गये और गेट जबरन खोलकर ट्रैक्टर अंदर घुसाते हुए गेट पर ही धरना शुरू कर दिया। इससे फैक्ट्री में आवागमन बिल्कुल बंद हो गया। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाये कि मीनू पेपर मिल द्वारा वायु और जल प्रदूषण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे मखियाली के साथ आसपास के गांवों में लोग बीमार हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी मिल के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस धरने के शुरू होने के साथ ही मिल में आने वाले भारी वाहन बाहर खड़े रह गये। किसानों ने पूरी तरह से मिल गेट को कब्जे में ले लिया और समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए नारे बाजी शुरू कर दी। इसके बाद मिल के मालिक मनीष कपूर और अजय कपूर ने अपनी बात और रोजमर्रा के धरना प्रदर्शन तथा इनके सहारे की जाने वाले कथित ब्लैकमेलिंग के खिलाफ आवाज उठाई और पेपर मिल एसोसिएशन पदाधिकारियों व अन्य उद्यमियों के साथ वो कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी से मुलाकात कर अपनी पीड़ा रखी। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से दबाव बनाने को आएदिन मिलों के बाहर इस तरह के धरने प्रदर्शन किये जाते हैं। इससे उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कामकाज भी बंद कराया जाता है, मिलों में तोड़फोड़ के प्रयास होते हैं। उद्यमियों की शिकायत पर सीओ और सदर एसडीएम को भेजा गया। इस दौरान डीएम से मिलने वालों में मीनू पेपर मिल के मालिक मनीष कपूर, अजय कपूर, पंकज अग्रवाल, राजेश जैन, मयंक बिन्दल, रघुराज गर्ग, जगमोहन सहित अन्य उद्योगपति शामिल रहे।



**इन्होंने कहा-**

**मीनू पेपर मिल मालिक मनीष कपूर ने कहा कि यूनियन नेताओं की गुण्डागर्दी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को भी यूनियन के कुछ नेता मिल के गेट पर पहुंचे, इनमें से कुछ तो नशे की हालत में थे। उन्होंने गेट तोड़ने का प्रयास किया और रोका गया तो गेट के ऊपर से कूदकर मिल में अंदर घुस गए और गेट खोलकर अपने वाहन भी अंदर ले आये। इनके साथ कुछ ग्रामीण शामिल थे। उन्होंने कहा कि हमने डीएम के समक्ष अपनी बात रख दी है। इसके खिलाफ हम लड़ाई लड़ेंगे।**

## मिल मालिक भड़के, चार लोगों को कराया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** मीनू पेपर मिल पर सोमवार को पहुंचे 4 लोगों को पुलिस से पकड़वाने पर मामला बिगड़ा है। ये चारों लोग भाकियू से जुड़े हुए बताए हैं। इसी बात को मीनू पेपर मिल के मालिक मनीष कपूर और अजय कूपर के साथ आये अन्य उद्यमियों ने डीएम के समक्ष खुल कर उठाया था। मनीष कपूर के अनुसार सोमवार को कुछ लोग मिल पर पहुंचे और गुण्डागर्दी करने लगे थे। ये आये दिन मिल पर पहुंचकर यूनियन के नाम पर अनावश्यक दबाव बनाने का काम कर रहे थे। ये लोग शराब के नशे में थे। इनके हुड़दंग से परेशान होकर मंडी पुलिस को बुलाया गया था। इनको छुड़वाने के लिए कुछ सफेदपोशों ने प्रयास भी किया, लेकिन पूरी रात इन्हें मंडी कोतवाली में रखा गया। इसी से मामला बिगड़ा और यूनियन के लोगों ने प्रदूषण की समस्या को उठाते हुए मिल का घेराव करते हुए पकड़े लोगों को छोड़े जाने का दबाव बनाया। नई मंडी एसएचओ बबलू वर्मा ने बताया कि बीते दिवस मिल के गेट पर हुड़दंग करने के आरोप में 4 लोग पकड़े गए थे, जिनसे पूछताछ के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। उनका कहना है कि धरना अभी जारी है, जिसे समाप्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।



**देर सायं पकड़े लोगों को पुलिस ने परिजनों को सौंपा**

## नहीं बनी बात, धरने पर बैठे रहे भाकियू के कार्यकर्ता

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** उद्यमियों की शिकायत पर डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ भोपा रविशंकर, मंडी कोतवाली प्रभारी बबलू सिंह वर्मा मय फोर्स मीनू पेपर मिल पर पहुंचे। यहां धरने पर बैठे भाकियू के पदाधिकारियों से वार्ता की। हालांकि पुलिस ने पकड़े गए चारो लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया, लेकिन उसके बाद भाकियू नेताओं ने उद्यमियों से आकर माफी मांगने की जिद पर अड़ गए, जिसके चलते देर रात्रि तक धरना समाप्त नहीं हो सका।

डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने भोपा रोड पर पहुंच किसानों से वार्ता की। उनके समक्ष कार्यकर्ताओं ने यह आरोप लगाया कि मीनू पेपर मिल के साथ भोपा रोड पर संचालित हो रहे अन्य उद्योगों द्वारा वायु व जल प्रदूषण फैलाया जा रहा है। वहीं गांवों में लोग टीबी व कैंसर के साथ ही दमा जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित हो रहे हैं। उन्होंने मिलों की राखी उड़ने से घरों पर कपड़े सुखाने में दिक्कत और आंखों की बीमारी बढ़ रही है, वहीं दूषित पानी पीने से लोग अपाहिज तक हो रहे हैं। इस बीच एसडीएम सदर निकिता शर्मा और भाकियू नेताओं के बीच में बहस भी हो गई। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने बताया कि भाकियू के लोगों ने मुख्य रूप से चार समस्याओं को उनके सामने रखा, जिसमें मिल के कारण भोपा रोड पर भारी वाहनों के सड़कों पर खड़े रहने से यातायात अवरुद्ध होने, प्रतिबंधित पॉलीथिन जलाकर वायु प्रदूषण करने, उनके संगठन के मिल में आए चार लोगों को झूठी शिकायत कर पुलिस से पकड़वाने और दूषित जल छोड़े जाने का मामला शामिल रहा। एसडीएम सदर ने इन शिकायतों की जांच कर कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया, लेकिन वो पकड़े 4 लोगों को छोड़ने की मांग पर अड़े रहे। सीओ सदर डॉ. रविशंकर द्वारा की गई पकड़े गए लोगों से पूछताछ के बाद में छोड़ दिया, लेकिन भाकियू द्वारा धरना समाप्त करने से पूर्व मांग रखी कि मिल प्रबंधन यदि उन्हें भविष्य में कोई कार्यवाही न करने का आश्वासन दें, तो धरना समाप्त हो सकता है, लेकिन प्रबंधन द्वारा दिए आश्वासन के बाद भी भाकियू कार्यकर्ता वहां से हटने को तैयार नहीं हुए। देर सायं तक पेपर मिल गेट पर धरना जारी है और मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

## नाबालिग से दुष्कर्म में आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** पोक्सो कोर्ट की विशेष न्यायाधीश मंजुला भालौटिया ने नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी अमित उर्फ सोनू को 20 वर्ष कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के आर्थिक दण्ड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक तितावी क्षेत्र कि निवासी पीड़िता नाबालिग को आरोपी अमित उर्फ सोनू निवासी टीकरी बागपत बहला फुसलाकर महाराष्ट्र ले गया था। जहां पर उसके साथ दुष्कर्म कर तीन महीने तक बंधक बनाकर रखा गया था। पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया था। पुलिस का आरोप पत्र आने के बाद इस मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट की विशेष न्यायाधीश मंजुला भालौटिया के समक्ष हुई। विशेष लोक अभियोजक प्रदीप बालियान और दिनेश कुमार ने सात गवाह प्रस्तुत कर अभियोजन की कहानी को साक्ष्यों के आधार पर साबित किया। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अमित को दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के आर्थिक दण्ड की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

## विनेश फोगाट ओलंपिक फाइनल में पहुंची, गोल्ड या रजत?

**पेरिस, 6 अगस्त (एजेंसी)।** विनेश फोगाट ने इतिहास रच दिया है। वह ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला पहलवान हैं। उन्होंने महिलाओं की 50 किलोग्राम भारवर्ग के सेमीफाइनल में क्यूबा की लोपेज गुजमान को 5-0 से हरा दिया। पहले राउंड तक विनेश 1-0 से आगे थीं। फिर आखिरी तीन मिनट में उन्होंने क्यूबा की पहलवान पर डबल लेग अटैक किया और चार पॉइंट अर्जित किए। इस बढ़त को वह अंत तक बनाए रखी और फाइनल में जगह बनाई। विनेश का इस ओलंपिक में सफर शानदार रहा है। रियो ओलंपिक में चोट की वजह से हटने और फिर टोक्यो ओलंपिक में राउंड ऑफ 16 से बाहर होने के बाद इस साल विनेश ने अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने दिखाया है। अपने पहले मैच यानी प्री क्वार्टर फाइनल में विनेश ने चार बार की विश्व चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट सुसाकी को 3-2 से हराया था। फिर ओकसाना को क्वार्टर फाइनल में 7-5 से हराया। अब सेमीफाइनल में 5-0 से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। विनेश ने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया और वह बुधवार यानी सात अगस्त को स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगी। विनेश से पहले केवल दो पुरुष पहलवान ही ओलंपिक में फाइनल तक पहुंच पाए हैं। 2012 लंदन ओलंपिक में सुशील कुमार और 2020 टोक्यो ओलंपिक में रवि दहिया फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन आखिरी मुकाबला दोनों हार गए थे।



**जनता की जीत पर आभार जन सभा**

नगर के सम्मानित नागरिक, जिन्होंने मुजफ्फरनगर बुलेटिन के धरने पर लम्बे समय तक अपना समय दिया और नगर को जाम से मुक्ति दिलाने की मुहिम में अपनी आहुति दी। प्रशासन के आश्वासन के बाद उक्त धरना समाप्त कर दिया गया है। सभी वर्ग के लोग हिन्दू-मुस्लिम, सिख, जैन जातिगत भेदभाव भूलकर वहाँ पहुँचे। इसके लिए आप सबका आभार व्यक्त करने हेतु **जनता आभार जनसभा** न्यू एस.डी. कॉलेज मार्किट में **आज बुधवार सायं 7 बजे** रखी जा रही है। नगर के समस्त व्यापारियों, अधिवक्ताओं, डॉक्टरों, शिक्षकों, चार्टेड एकाउन्टेंट, पत्रकारों व अन्य सभी प्रकार के दायित्व रखने वालों से अनुरोध है कि मैं **बुलेटिन सम्पादक अुंकर दुआ** आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूँ।

अतः आप सभी उक्त **जनता आभार जनसभा** में पधारने की कृपा करें।



# बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों व प्रतिष्ठानों पर हमले व लूटपाट

**संसद भंग, सेना के सरकार समर्थक जरनल हटाए, शेख हसीना अभी भारत में ही**

**ढाका/नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)।** बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर बवाल के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना के भाग कर भारत में शरण लेने के बाद वहां संसद को भंग कर दिया गया है। बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रतिष्ठानों, घरों और हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं।

बवाल के बाद बांग्लादेश की संसद को भंग कर दिया गया है। बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने इसका ऐलान किया है। प्रदर्शनकारियों की यह प्रमुख मांग थी जिसे मान लिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने शाम 3 बजे तक का समय दिया था और चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे फिर से कड़ी कार्रवाई करेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। कार्यवाहक सरकार में नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को बड़ी भूमिका दी जा सकती है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद हुई हिंसक घटनाओं में जहां 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, वहीं मरने वालों का कुल आंकड़ा 450 के करीब पहुंच गया है। फिलहाल शेख हसीना भारत में भी एक अज्ञात स्थान पर ठहरी हुई हैं। उन्होंने ब्रिटेन से पनाह मांगी है हालांकि उनके ब्रिटेन जाने पर अभी भी संशय बरकरार है। ब्रिटेन के गृह कार्यालय के सूत्रों ने संकेत दिया है कि देश के आव्रजन नियम उन व्यक्तियों को ब्रिटेन आने की अनुमति नहीं देते हैं जो वहां शरण लेने के लिए आते हैं। सूत्रों ने कहा कि इससे हसीना की यात्रा योजनाओं में कुछ अड़चन आ गई हैं। जब तक उनके ब्रिटेन जाने की स्थिति साफ नहीं होती तब तक वह भारत में ही रह सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि शेख हसीना अगले 48 घंटों में भारत छोड़ सकती है। शेख हसीना की यात्रा के लिए प्रबंध भी किया गया है। सूत्रों के अनुसार वे भारत से यूरोप जा सकती हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद सोमवार को 450 से अधिक पुलिस स्टेशनों पर हमला किया गया और विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई पुलिस अधिकारी भी मारे गए। कट्टरपंथी भीड़ ने 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और बिजनस को बड़े पैमाने पर निशाना बनाया है। भीड़ में शामिल लोगों ने जमकर लूटपाट की है। ओकिया परिषद के मोहिंदर कुमार ने बताया कि कोई भी ऐसा इलाका या जिला नहीं है, जहां पर हिंदुओं को पीटा नहीं गया हो या उनके बिजनस को लूट न लिया गया हो। बांग्लादेश के शेरपुर जिले में भीड़ ने जेल पर हमला कर दिया और 500 से ज्यादा कैदियों को मुक्त करा लिया। इनके कुछ कुख्यात आतंकी भी बताए गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सूत्रों के अनुसार, पड़ोसी देश में उथल-पुथल के मद्देनजर 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर सभी यूनिट को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया है। बांग्लादेश की सेना ने एक निगरानी एजेंसी से हसीना समर्थक एक प्रमुख जनरल को बर्खास्त करने तथा अन्य महत्वपूर्ण पदों में फेरबदल करने की घोषणा की है। इस कदम से यह संकेत मिलता है कि सेना पीछे हट जाएगी, क्योंकि संभवतः मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में नागरिक सरकार कार्यभार संभालने जा रही है। बांग्लादेश में राजनीतिक संकट को लेकर पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने बड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश में हिन्दुओ पर अत्याचार हो रहा है। वहां के कई लोगो से बातचीत हुई है और सभी हिंसा होने की बात कह रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर राज्यसभा में बयान दिया। उन्होंने अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई। विदेश मंत्री ने बताया कि चार अगस्त के बाद की घटनाओं का ब्यौरा देते हुए कहा, "देश भर में शासन से जुड़े लोगों की संपत्तियों को आग लगा दी गई। अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर भी कई स्थानों पर हमला किया गया।" इस बीच अमेरिका ने शेख हसीना का अमेरिकी वीजा रद कर दिया है। उसने कहा है कि शेख हसीना का अमेरिका में स्वागत नहीं है। शेख हसीना और अमेरिका के बीच रिश्ते बहुत तनावपूर्ण थे। शेख हसीना ने नाम लिए बिना आरोप लगाया था कि अमेरिका बांग्लादेश में सैन्य अड्डा बनाना चाहता है। बांग्लादेश में ईसाई राज्य बनाना चाहता है। बांग्लादेश के पूर्व दूरसंचार और आईसीटी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक को हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने हिरासत में लिया।



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान

भारत, बांग्लादेश के हालात पर नजर रख रहा है, पाकिस्तान में भी हलचल है। पाकिस्तान के अखबार, न्यूज चैनल और सोशल मीडिया सब बांग्लादेश का चिंतन कर रहे हैं। बांग्लादेश संकट पर नयी दिल्ली में सर्वदलीय बैठक भी हुई। बैठक की अध्यक्षता पीएम मोदी ने की, बैठक में बीजेपी के अलावा कांग्रेस, टीएनमसी, जेडीयू, एसपी, डीएमके, आरजेडी के नेता भी मौजूद थे। बैठक में भारत सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सभी नेताओं को बताया कि स्थिति को देखते हुए हमारी उस पर नजर है। विदेश मन्त्री एस जय शंकर ने संसद में बताया कि भारत आने के बाद से शेख हसीना सदमे में हैं। सरकार बात करने से पहले उन्हें कुछ समय दे रही है। वे भविष्य को लेकर खुद फैसला लेंगी। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मंदिरों और उन्हें नुकसान पहुंचाने की खबरें भी हैं, लेकिन ऐसी भी खबरें हैं कि मुस्लिम, गैर मुस्लिमों और उनके मंदिरों की हिफाजत कर रहे हैं।ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पत्रकारों से कहा कि इंडियन मीडिया में बताया जा रहा है कि जमात शिविर और मुस्लिम, अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमला कर रहे हैं। यह सरासर गलत है। आंदोलन से जुड़े छात्र खुद अल्पसंख्यकों की हिफाजत के लिए मंदिरों और उनके घरों के आगे तैनात हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सदन में कहा है कि बांग्लादेश में मौजूद भारतीय समुदाय की रक्षा के लिए वहां के आर्मी चीफ से बात की गई है। राज्यसभा में बांग्लादेश की स्थित पर बयान देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, हम वहां मौजूद भारतीय समुदाय से लगातार संपर्क में हैं। बांग्लादेश में करीब 19 हजार भारतीय हैं, जिनमें से 9 हजार छात्र हैं। कई छात्र जुलाई में भारत लौट आए थे। हम अल्पसंख्यकों के नजरिए से भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। जयशंकर ने कहा, बांग्लादेश में कई संगठन अल्पसंख्यकों की मदद के लिए आगे आए हैं। बार्डर पर तैनात फोर्सेज से मुस्तैद रहने को कहा गया है। हम ढाका के अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं। कल ढाका की सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस की जगह सैनिक और छात्र ट्रैफिक व्यवस्था संभालते नजर आए। बांग्लादेश में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन को संसद भंग करने का अल्टीमेटम दिया है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई, तो वे सख्त कदम उठाएंगे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे स्टूडेंट लीडर्स ने इसका वीडियो भी जारी किया। उन्होंने कहा, हम देश में आगजनी और हिंसा का विरोध करते हैं। हमें लोगों को इस आंदोलन को हाईजैक करने से रोकना है। छात्रों ने कहा कि वे सेना की तरफ से बनाई गई सरकार को स्वीकार नहीं करेंगे। वे जल्द ही देश में अंतरिम सरकार के लिए नामों का प्रस्ताव पेश करेंगे। शेख हसीना के देश छोड़ते ही कोलकाता आए बांग्लादेशी नागरिकों में वतन वापसी की होड़ मच गई है। हिंसा के कारण इनमें से ज्यादातर कोलकाता में फंस गए थे। सोमवार को कुछ लोग हवाई मार्ग से ढाका रवाना हुए, लेकिन ट्रेनों के अलावा बसें भी फिलहाल बंद हैं। बांग्लादेश के सियासी घटनाक्रम पर पाकिस्तान में पूरी हलचल है। पाकिस्तान के जियो टीवी नेटवर्क ने अपनी लीड स्टोरी का शीर्षक दिया है,'देशभर में खूनी प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने पद छोड़ा, बांग्लादेश से भागीं'। इसके साथ ही कहा गया है कि शेख हसीना के देश छोड़ने के कुछ ही घंटों बाद उनकी चिर प्रतिद्वंद्वी और बांग्लादेश नेशनिलिस्ट पार्टी की नेता खालिदा ज़िया को जेल से रिहा करने के आदेश दिए हैं। खालिदा ज़िया को साल 2018 में भ्रष्टाचार के मामले में 17 साल की जेल की कैद सुनाई गई थी। डॉन न्यूज ने अपने संपादकीय का शीर्षक दिया है, 'हसीना का पतन'। डॉन न्यूज ने अपने संपादकीय में लिखा है कि अगर सेना ने सत्ता न संभाली होती तो बांग्लादेश एक और अस्थिरता की ओर बढ़ सकता था। डॉन न्यूज लिखता है, शेख हसीना अपने 15 साल के कार्यकाल में विपक्ष को दबाया और सभी रास्ते ऐसे बंद किए, जिससे जनता का आक्रोश फूट गया। शेख हसीना के विपक्षियों ने उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार, गैर-न्यायिक हत्याएं, लोगों को गायब होने के मामलों में संलिप्तता का आरोप लगाया। पिछले कुछ सप्ताहों में शेख हसीना की आवामी लीग ने प्रदर्शनकारियों से संघर्ष किया। इसमें कम से कम 300 लोग मारे गए। इसी कार्रवाई ने शेख हसीना की विदाई तय कर दी। ट्रिब्यून एक्सप्रेस ने एक ओपिनियन पीस में लिखा है कि ढाका में चीजें अभी स्पष्ट नहीं हैं, बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा से तोड़फोड़ करने की कोशिशों की तस्वीरें परेशान करने वाली हैं। ये दक्षिण एशियाई मुस्लिम देश गंभीर रूप से सामाजिक-आर्थिक उलझन में हैं और महीनों तक राजनीतिक उठापटक और कानून व्यवस्था की लचर हालात के बाद अब ये देश इस हालात में आ पहुंचा है। सबसे बड़ी चिंता ये है कि क्या ये देश फिर सैन्य शासन की ओर बढ़ रहा है। मीडिया की तरह ही पाकिस्तान के सोशल मीडिया पर भी बांग्लादेश के मुद्दे पर कुछ प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। सोशल मीडिया यूजर्स वो वीडियो शेयर कर रहे हैं, जिसमें बांग्लादेशी प्रदर्शनकारी छात्र अपने देश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा पर हथौड़ा चला रहे हैं।एक यूजर ने इस वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, 1971 का बदला। अच्छा किया मुजीबुर्रहमान के साथ, ऐसों की कोई इज्जत नहीं, छात्र संगठनों को सलाम है। इसके अलवा कश्मीर से कुछ ऐसी भी टिप्पणी हुई हैं जो घटिया मानसिकता को प्रगट करती है। छह दिसंबर 1971 को पाकिस्तान का पूर्वी हिस्सा उससे अलग होकर बांग्लादेश के तौर पर एक स्वतंत्र देश बना था। इस आंदोलन की अगुवाई शेख मुजीबुर्रहमान ने की थी। बांग्लादेश के बनने में भारत की अहम भूमिका रही थी और इसे आज भी पाकिस्तान की बड़ी हार माना जाता है। बांग्लादेश के अखबारों ने अलग-अलग नजरिये से तख्ता पलट पर टिप्पणी की है। दैनिक 'प्रोथोम आलो' की खबर का शीर्षक है, शेख हसीना अंत में भी बल प्रयोग करना चाहती थीं। 'सामयिक' पत्रिका की हेडलाइन है, छात्रों के खून से सनी जीत। 'नया दिगंत' अखबार में बांग्लादेश ग्रामीण बैंक के संस्थापक मोहम्मद यूनुस के हवाले से कहा गया है कि छात्रों की जीत दूसरी आजादी है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"अनासिर" "वक़्त" "जहर" "बयां"

आज शैतानी अनासिर सर उठाने लग गये,
वक़्त कहता है के इनका जीना दूभर कीजिये।
जहर में डूबे हुए हैं,जाहिलों के कुछ बयां,
अम्न की खातिर उन्हें मुँह तोड़ उत्तर दीजिये।



## आर्य एकेडमी शाहपुर में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित

**शाहपुर, 06 अगस्त (बु.)।** कस्बे की शिक्षण संस्था आर्य एकेडमी इंटर कॉलेज में हरियाली तीज के पर्व पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कस्बे की शिक्षण संस्था आर्य एकेडमी इंटर कॉलेज में हरियाली तीज के पर्व पर आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में वाणी, काव्या, तुलसी, साक्षी, नगमा व वंशिका, जबकि सीनियर वर्ग में अलिस्बा, खुशी, प्रियांशी, भावना व पूजा ने स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य उर्मिला सिंह ने छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करने से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता है तथा छात्र-छात्राओं को अपनी सभ्यता व संस्कृति का ज्ञान होता है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संतोष पंवार, प्रदीप आर्य, प्रगति चौधरी, सपना त्यागी व अनीता बालियान आदि का योगदान रहा।

# हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को सम्मिलित करते हुए भव्यता के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस : डीएम

## - 13 से 15 अगस्त तक वृहद स्तर पर चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)।** आज जिला पंचायत सभागार में डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने स्वतन्त्रता दिवस एवं 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का निर्धारण करते हुए अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को हर्षोल्लास व भव्यता के साथ सभी के जनसहयोग एंव सहभागिता के साथ मनाये। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर देश के गौरवमयी इतिहास तथा स्वतन्त्रता सैनानियों के त्याग को देश की भावी पीढ़ी तक पहुंचाने वाले कार्यक्रम आयोजित कराये जायें। डीएम ने सभी विभागाध्यक्ष को निर्देश दिये कि 15 अगस्त को सभी कार्यालयों में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा, जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को ही लाईटिंग एवं साफ-सफाई के साथ सभी सरकारी कार्यालयों को सजाया जाये। उन्होंने सभी नगर पालिका ईओ, बीडीओ एवं डीपीआरओ को निर्देश दिये कि सभी महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं लाईटिंग की व्यवस्था व सभी जगह साफ-सफाई होनी चाहिए। प्रातः 6:15 बजे प्रभात फेरी, खेल विभाग द्वारा दौड़ का आयोजन किया जायेगा। 11 बजे पौधा रोपण तथा जिला अस्पताल एवं जिला कारागार में फल वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के सम्बन्ध में झण्डों की उपलब्धता सुनिश्चत कर ली जाये। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के आयोजन को सफल बनाया जाये। 13 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य शहीद स्मारकों पर राष्ट्रधुन के साथ पुलिस पीएसी बैण्ड का वादन कराया जाये। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा 8,9,10 अगस्त को जनपद में आमजनमानस को विभिन्न स्थानों पर तिरंगे का वितरण किया जायेगा। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा गजेन्द्र कुमार, एसपी क्राइम, नगर मजिस्ट्रेट, सभी एसडीएम सहित सम्बन्धित अधिकारीगण एवं विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## संयुक्त पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे की प्रक्रिया होगी सरल

**लखनऊ, 06 अगस्त (वार्ता)** मात्र पांच हजार रुपये के स्टाम्प शुल्क के साथ अपनी अचल संपत्ति को रक्तसंबंधियों के नाम करने की बड़ी सहूलियत देने के बाद उत्तर प्रदेश में अब पारिवारिक विभाजन और व्यवस्थापन में भी बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि एक परिवार के सदस्यों के बीच अचल संपत्ति के बंटवारे तथा जीवित व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति को अपने परिवारी जनों के नाम किए जाने पर देय स्टाम्प शुल्क भी पांच हजार रुपये तय किया जाए। योगी ने कहा कि अधिक खर्च के कारण प्रायः परिवार में विभाजन की स्थिति में विवाद की स्थिति बनती है और कोर्ट केस भी होते हैं। न्यूनतम स्टाम्प शुल्क होने से परिवार के बीच सेटलमेंट आसानी से हो सकेगा। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा आम आदमी के ईज ऑ×फ लिविंग के लिए अनेक प्रयास किये गए हैं। संपत्ति विभाजन और व्यवस्थापना प्रक्रिया में सरलीकरण से लोगों को और सुविधा होगी। विभाजन विलेख में सभी पक्षकार विभाजित सम्पत्ति में संयुक्त हिस्सेदार होते हैं एवं विभाजन उनके मध्य होता है। विभाजन विलेख में प्रस्तावित छूट एक ही मृतक व्यक्ति के समस्त लीनियल डीसेंडेंट्स, जो सहस्वामी हों, को आच्छादित करेगी अर्थात यदि दादा की मूल सम्पत्ति में वर्तमान जीवित हिस्सेदार चाचा/भतीजा / भतीजी हैं, तो वह इसका उपयोग कर सकते हैं। व्यवस्थापन विलेख में व्यवस्थापन कर्ता पक्षकार (जीवित) अपनी व्यापक सम्पत्ति को कई पक्षकारों के मध्य निस्तारित करता है। व्यवस्थापन विलेख में प्रस्तावित छूट के अधीन व्यवस्थापन कर्ता पक्षकार अपने समस्त लीनियल डीसेंडेंट्स/डीसेंडेंट्स, जो किसी भी पीढ़ी के हों, के पक्ष में व्यवस्थापन कर सकता है। अर्थात सम्पत्ति यदि परदादा परदादी जीवित हों, तो उनके पक्ष में, एवं यदि प्रपौत्र/प्रपौत्री जीवित हों, तो उनके पक्ष में भी किया जा सकता है।





## काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी शताब्दी समारोह भव्यता के साथ मनाया जायेगा : डीएम

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)।** डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी समारोह के आयोजन का शुभारम्भ 9 अगस्त से किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि इस हेतु सभी शहीद स्थलों, शहीद स्मारकों अमृत सरोवर के तट पर वहद रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि शासनादेश के अनुसार इस हेतु विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि काकोरी ट्रेन एक्शन, मैनपुरी षडयंत्र केस, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थानों एवं आजादी के ज्ञात एवं अज्ञात नायकों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये। 1857 की क्रांति के स्थानीय नायक, स्थानीय घटनाएं, काकोरी के नायक एवं घटनाएं, 1857 से 1947 तक के क्रांतिकारियों पर आधारित किशोर एवं युवा वर्ग हेतु चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। विजेताओं को 15 अगस्त, 2024 को स्वतंत्रता दिवस के आयोजन पर प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार पांच सौ रुपए, तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए एवं सांत्वना पुर स्कार 01 हजार प्रति के रूप में दिया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि शासनादेश के अनुरूप संमस्त शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों एवं अध्यापकों द्वारा प्रार्थना सभा के समय काकोरी ट्रेन एक्शन एवं उसके नायकों/ विभिन्न घटनाओं पर आधारित पूर्ण विवरण जो कि शैक्षणिक संस्थानों छात्र-छात्राओं को पढ़ कर सुनाया जायेगा। 09 से 15 अगस्त, 2024 के मध्य में जनपद के शहीद स्थलों / स्मारकों पर राष्ट्र धुन एवं राष्ट्रभक्ति के गीत बजाये जायेंगे तथा अर्ध सैनिक एवं सैन्य बलों/पुलिस/पीएसी/ होमगार्ड स्काउट गाइड के बैण्ड एनसीसी/ विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों/ माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के बैण्ड द्वारा यथानुसार राष्ट्रधुन पर आधारित बैण्ड वादन किया जायेगा। जिला स्तर पर उत्कृष्ट बैण्ड वादन समूह को रुपये 10,000.00 की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2024 को आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े कार्यक्रमों की फोटो/ वीडियो / सेल्फी अपलोड करने हेतु संस्कृति विभाग द्वारा एक पोर्टल तैयार किया जायेगा। उक्त फोटो/वीडियो / सेल्फी नमो एप एवं भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये पोर्टल पर भी अपलोड किये जायेंगे।

## सीएम आवास के पास महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास



**लखनऊ 06 अगस्त (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के पास मंगलवार सुबह एक महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया। उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुये मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्नाव के पुरवा क्षेत्र की निवासी महिला अंजलि जाटव ने आज सुबह सीएम आवास के पास ज्वलनशील पदार्थ छिड़क कर आग लगा ली। पास मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे तत्काल पार्क रोड स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जहां महिला की हालत की गंभीरता को भांपते हुये उसे केजीएमयू अस्पताल के बर्न वार्ड में रेफर कर दिया गया। उन्होने बताया कि महिला के पास मिले एक थैले में एक शिकायती पत्र मिला है जिसमें उसने ससुरालीजनो पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि पुरवा पुलिस उसकी नहीं सुन रही है। ससुराल वालों ने उसके गहने और पैसे भी रख लिये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर उन्नाव जिला प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि पीड़ित महिला इस मामले में पहले भी जनता दर्शन तथा जिलाधिकारी के तहसील दिवस में उपस्थित होकर कार्यवाही न होने की बात कह चुकी है। जिलाधिकारी ने उन्नाव पुलिस और उपजिलाधिकारी पुरवा को अग्रिम कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया था। उन्होने बताया कि महिला के पति तथा देवर को उप जिलाधिकारी पुरवा के न्यायालय में पांच अगस्त को पेश किया गया था, जिस पर उप जिलाधिकारी पुरवा द्वारा दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए महिला के प्रताड़ना के आरोपित पति तथा देवर को बीएनएसएस अंतर्गत धारा 127/130/135(3)/170 में जेल भेज दिया गया था । महिला का एक साल का छोटा बच्चा होना भी संज्ञानात हुआ है जिसे महिला अपने साथ लखनऊ ले गई थी उसकी देखभाल के लिए उचित प्रबंध किए जा रहे हैं।



## तीज महोत्सव- मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की

**जानसठ, 06 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गोल्डन बैल्स पब्लिक स्कूल में तीज का उत्सव खुशी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पांच से कक्षा 12 तक की छात्राओं के लिए मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने मेहन्दी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं ने एक-दूसरे के हाथों में मेहंदी के सुंदर-सुंदर डिजाइन बनाएं, जिसे देखकर सभी खुश हुए। सहप्रबन्धक श्रीमति तनु ने बच्चों को प्रेरित किया एवं निर्णायक मंडली द्वारा विजेता घोषित किए गए। श्रीमति तनु ने सभी को तीज की शुभकामनाएं दी। कक्षा पांच से कक्षा आठ तक की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा छह की जोया, द्वितीय स्थान कक्षा आठ की अनन्या तृतीय स्थान कक्षा पांच की भव्या पंवार ने प्राप्त किया। कक्षा नो से कक्षा 12 तक की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 12 की प्राची द्वितीय स्थान कक्षा 11 की कशिश तृतीय स्थान कक्षा 12 की आकांशा ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## बंगलादेश की स्थिति पर भारत की पैनी नज़र : जयशंकर

**नयी दिल्ली, 06 अगस्त (वार्ता)।** विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने मंगलवार संसद में कहा कि सरकार बंगलादेश के राजनीतिक घटनाक्रम से बहुत चिंतित है तथा जब तक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं देश की कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, वहां हमारी पैनी नज़र रहेगी। डा. जयशंकर ने बंगलादेश के घटनाक्रम पर संसद के दोनों सदनों लोकसभा एवं राज्यसभा में एक बयान में कहा कि पड़ोसी देश का राजनीतिक घटनाक्रम चिंता का विषय है और सरकार अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से वहां रह रहे भारतीय नागरिकों से बराबर संपर्क बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि वहां भारत के 19 हजार नागरिक हैं जिनमें करीब नौ हजार छात्र हैं और इनमें से काफी छात्र जुलाई में स्वदेश आ गये थे। हमारी राजनयिक उपस्थिति के संदर्भ में, ढाका में उच्चायोग के अलावा, हमारे पास चटगांव, राजशाही, खुलना और सिलहट में सहायक उच्चायोग हैं। हमारी अपेक्षा है कि मेजबान सरकार इन प्रतिष्ठानों के लिए आवश्यक सुरक्षा संरक्षण प्रदान करेगी। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत बंगलादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर भी निगाह रखे हुए है। वहां से ऐसी रिपोर्ट आ रही हैं कि कई समूह और संगठन अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और सलामती के लिए कदम उठा रहे हैं।

### बांग्लादेश हिंसा पर शाह, जयशंकर और डोभाल की बैठक

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में राजनीतिक उठापटक के चलते भारत में प्रत्येक स्तर पर उच्च सतर्कता बरती जा रही है। केंद्र सरकार की चिंता बांग्लादेश में फंसे लगभग 19 हजार भारतीयों के साथ-साथ वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले को लेकर भी है। इससे बांग्लादेश से भारत की ओर पलायन बढ़ने की आशंका है। पड़ोस में अस्थिरता के चलते पूर्वी सीमा पर फिर से उग्रवादी संगठनों के सक्रिय हो जाने का भी खतरा है। इन्हीं सारे मुद्दों के साथ बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद भवन में विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान गृह सचिव भी मौजूद थे। आपात स्थिति में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपना देश छोड़कर भारत आने के बाद पूर्वी सीमा पर अराजकता बढ़ने की आशंका है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चुनौतियां बढ़ गई हैं। यही कारण है कि प्रत्येक गतिविधियों पर सतर्क नजर रखी जा रही है और छोटी से छोटी घटनाओं की भी समीक्षा की जा रही है। **बांग्लादेश में एक करोड़ 30 लाख से ज्यादा हिंदू आबादी है।** बांग्लादेश में फंसे भारतीयों को लाने के लिए दो हरक्यूलिस विमान ढाका भेजे गये थे। मगर वहां उतरने की इजाजत न मिलने के कारण उक्त विभाग पश्चिम बंगाल में अलग-अलग स्थानों पर खड़े हैं।

### एक वक्त आएगा, जब लोग धैर्य खो देंगे..., बांग्लादेश में मचे बवाल पर बोले फारूक अब्दुल्ला?

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में जारी सियासी संकट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि बांग्लादेश में चल रहा संघर्ष हर तानाशाह के लिए एक सबक है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था खराब है। बेरोजगारी का स्तर बढ़ा हुआ है। छात्रों ने एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसे सेना सहित किसी के द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सका। ये सिर्फ बांग्लादेश के लिए ही नहीं, बल्कि हर तानाशाह के लिए एक सबक है। एक समय आएगा, जब लोग धैर्य खो देंगे, वही हुआ है, हमें सावधान रहना होगा। मुझे उम्मीद है कि वे हमारे साथ शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखेंगे। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, ₹बांग्लादेश में यह भावना थी कि दुनिया में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई जानी चाहिए। शेख हसीना दुनिया भर में मुसलमानों के उत्पीड़न के खिलाफ खड़ी नहीं हुईं।



## शुकतीर्थ में विकास को लेकर डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**भोपा, 06 अगस्त (बु.)।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में विकास को लेकर डीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया व सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से निर्माण योजनाओं के प्रोजेक्ट के सम्बंध में जानकारी कर दिशा निर्देश दिये। शुकतीर्थ में मंगलवार को गंगा घाट पर पहुंचे डीएम अरविन्द मल्लपप्पा बंगारी ने शुकतीर्थ में होने वाले विकास कार्यो को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुकतीर्थ में नये घाट का निर्माण, डिजिटल प्रोजेक्टर, वाल पेंटिंग, सौन्दर्यकरण कार्य, गंगा घाट जीर्णोद्धार, शुकतीर्थ धार्मिक इतिहास का भव्य मूर्तियों द्वारा प्रस्तुतिकरण, मोरना में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण आदि कार्यो को किया जायेगा। इस दौरान सीडीएस, सीएनडीएस, पर्यटन विभाग, निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं इस दौरान ग्राम प्रधान राजपाल सैनी, प्रदीप निर्वाल, सुरेन्द्र सिंह पूर्व प्रधान नीरज रॉयल, गंगा सेवा समिति के डॉ. महकार सिंह आदि उपस्थित रहे।

**आवश्यकता है**

श्री हनुमान मंदिर (लाला कल्लू मल वाला) ट्रस्ट रजि0 निकट शहर डाकखाना, शिव चौक,मुजफ्फरनगर को एक मैनेजर, धर्मशाला की देख-रेख एवं अन्य कार्य हेतु (कर्मचारी को मंदिर परिसर में परिवार सहित आवास एवं बिजली पानी की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है) वेतन योग्यतानुसार हस्तलिखित आवेदन पत्र (मोबाइल नम्बर इत्यादि) मंदिर में उपलब्ध पंडित जी श्री कमल नारायण जी (M:9897936843) को समय प्रातः 8.00बजे से दोपहर 1.00बजे तथा सायं 5.00बजे से रात्रि 9.00 बजे तक जमा करा सकते हैं।

आज्ञा से (प्रबन्धक)
प्रवीन कुमार गर्ग

## मोरना क्षेत्र की समस्याओं के निदान को डीएम से मिले ग्रामीण



**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** मोरना क्षेत्र की समस्याओं को लेकर डीएम से मिले भाजपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने मोरना चीनी मिल का विस्तार किए जाने के साथ क्षेत्र की लंबित मांगों के निदान कराए जाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी को सौंपे मांग पत्र में जहां बेहड़ा सादात से बीआईटी चौकी तक सड़क का चौड़ीकरण व निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की। वहीं रामराज से चुंहापुर तक सड़क का निर्माण कार्य व चौड़ीकरण और युसुफपुर से अलीपुर तिस्सा तक सड़क का चौड़ीकरण कराने के साथ निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की। मीरांपुर विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम मजलिसपुर तौफिर और रामराज खादर के गांव हँसावाला आदि गांवों में तटबंधन का कार्य किए जाने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा मोरना में मरीजों की समस्त जांच संबंधी उपकरणों की व्यवस्था कराने के साथ ही जो खराब उपकरण हैं उनको बदले जाने की मांग की। इसी के साथ उन्होंने बताया कि मोरना में चौधरी चरण सिंह चौक का चौड़ीकरण किया जाए। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण कलेक्ट्रेट में मौजूद रहे।

## पुलिस ने अभियान चलाकर 4 वारंटियों को किया गिरफ्तार



**चरथावल, 06 अगस्त (बु.)।** पुलिस ने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अलग-अलग स्थानों से विभिन्न मामलों में न्यायालय में पेश न होने पर फरार चल रहे 4 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए सभी को जेल भेज दिया है। चरथावल थानाक्षेत्र में सीओ सदर राजू कुमार साव के निर्देशन में चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया।जिसमें कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार, उपनिरीक्षक आशीष चौधरी, हेड कांस्टेबल अजीत सिंह, कांस्टेबल जुहैब आलम आदि ने विद्युत अधिनियम में फरार चल रहे दो वारंटी अभियुक्तों सलीम पुत्र कालू निवासी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल व हाल निवासी सैदपुर खुर्द थाना तितावी व रिजवान पुत्र दुल्ली निवासी कुटेसरा को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा ग्राम छिमाऊ से बिरालसी चौकी प्रभारी जय किशोर ने हेड कांस्टेबल उमरेश के साथ मिलकर विद्युत अधिनियम के फरार वारंटी काका पुत्र अफला निवासी ग्राम छिमाऊ थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा दधेड़ू चौकी प्रभारी ओंकारनाथ पांडे ने भी विद्युत अधिनियम के फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए सभी वारंटियों को जेल भेज दिया है।



## आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

### - तीज की बधाई देते हुए किया प्रतियोगियों को सम्मानित



**जानसठ, 06 अगस्त (बु.)।** आर्यन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल गढ़ी रोड़ जानसठ में मंगलवार को हरियाली तीज का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक सुशोभिता ने बच्चों के साथ सभी सटाफ को तीज की बधाई दी। प्रधानाचार्या मनोज चौहान ने बच्चों को हरियाली तीज के महत्व के बारे में बताया तथा सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने तीज प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान मेहंदी की संपन्न प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आदिबा प्रथम ए, द्वितीय तेज व लविया सैनी प्रथम बी से तथा जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर आइसी कक्षा 6 से सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान खुशी नूर कक्षा 8, द्वितीय स्थान ऐलिस कक्षा 9, तृतीय स्थान पर अक्शा कक्षा 7 ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को उपहार दिए जाने के साथ बधाई दी।

**आवश्यक सूचना**

**सिंघल नर्सिंग होम**

**डॉ. हेमी सिंघल**

M.B.B.S. (MAMC), DGO (LHMC)
Diplomate American Board of Family Medicine
Diplomate American Board of Obesity Medicine
PG Diploma Diabeted & Endocrinology (UK)
Consultant Endocrinologist & Weight Loss Specialist

दिनांक 08-08-2024, दिन बृहस्पतिवार को

**डॉ. हेमी सिंघल**

शुगर, थाइरोइड, Pcos, मैडिकल वेटलॉस
B.P., कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों को देखेंगी ।

नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें

**सिंघल नर्सिंग होम**

कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
मो.: 9837082912, 0131-2433104

## भाविप मेन ने मनाया इंद्रधनुषी तीज महोत्सव

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** भारत विकास परिषद मेन शाखा की ओर से इंद्रधनुषी तीज महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संजय मिश्रा अध्यक्ष भारत विकास परिषद ने बताया कि श्रावण मास में हरियाली तीज त्योहार का हिन्दू धर्म में काफी महत्व है। इस कार्यक्रम को दो सत्र में संपन्न कराया गया। प्रथम सत्र में शाखा की महिला सदस्यों का तीज कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें सावन के गीत, लोक नृत्य, लोकगीत, ढोलक की प्रतियोगिता कराई गई। साथ ही तीज क्वीन और तीज महारानी का चयन किया गया। प्रथम सत्र में ही सभी ने चटपटी चाट और गोलगप्पे का आनंद लिया। भारत विकास परिषद मेन शाखा के द्वितीय सत्र में कपल गेम, बच्चों की शानदार प्रस्तुति और वंदना शर्मा द्वारा गानों पर आधारित कुछ प्रश्नोत्तरी संपन्न हुई। निर्णायक मंडल में दीपा सोनी और सुनीता शाह द्वारा तीज क्वीन कनक और तीज महारानी गरिमा गौड को चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय मिश्रा, ओडी शर्मा, हर्षवर्धन जैन, डॉ. दीपक कुमार गर्ग, नवनीत गुप्ता, नीरज सिंघल, डॉ. रश्मि विनायक, डॉ. आत्रेय, केपी राठी, हेमंत विश्नोई, अशोक सिंघल, आशु अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, राहुल कुशवाहा आदि सपरिवार मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में शाखा की तरफ से महिला सदस्यों को तीज का उपहार दिया। शाखा ने नवविवाहित युगल शिवम गर्ग और शिप्रा गर्ग का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजलि गर्ग ने किया। इस दौरान कार्यक्रम की संयोजिका नीतू मिश्रा और वंदना शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया।






## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग का हरियाली तीज महोत्सव सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग का हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम जीसी पब्लिक स्कूल, नई मंडी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं द्वारा कई प्रकार के गेम्स रंगारंग कार्यक्रम, सरप्राइज गिफ्ट, गीत डांस के साथ सभी ने झूले का आनंद लिया और एक-दूसरे को तीज की बधाई दी। समय बाध्यता के लिए भी उपहार दिए गए। मीनाक्षी स्वरूप नगर पालिका अध्यक्ष और अनु अग्रवाल पत्नी कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ कराया। मुख्य अतिथि के रूप में मधु गोयल पत्नी सतीश गोयल टिहरी स्टील, आशिमा जैन पत्नी राजेश जैन हुंडई वाले, सीमा गर्ग पत्नी संजय गर्ग प्लाईवुड वाले रही और विशिष्ट अतिथि रेखा मित्तल रही। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष रेणु गर्ग और ममता अग्रवाल प्रदेश महामंत्री, बबीता गुप्ता ने तीज महोत्सव पर प्रकाश डाला। नीति अग्रवाल जिला अध्यक्ष, वनिता गर्ग महामंत्री, पारुल गर्ग कोषाध्यक्ष ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजिका अलका अग्रवाल, शिखा गर्ग उपाध्यक्ष, नीना जैन, श्वेता गुप्ता संयुक्त रूप से रही। कार्यक्रम के उपरांत से सुरेंद्र अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष ने सभी महिलाओं को तीज महोत्सव की बधाई दी और कार्यक्रम सफलता के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की।






## लाल कृष्ण आडवाणी की फिर बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में हुए भर्ती

**नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)।** पूर्व उप प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी को रात 9 बजे डॉ. विनीत सूरी की निगरानी में अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे निगरानी में हैं। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अपोलो अस्पताल की ओर से यह जानकारी दी गई है। बीते सप्ताह भी पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी एम्स नई दिल्ली में भर्ती हुए थे। डॉक्टर ने उन्हें फॉलोअप में आने के लिए सलाह दी थी। बुधवार को उनकी तबीयत बिगड़ गई। 96 वर्षीय आडवाणी को बुधवार देर रात दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। उन्हें एम्स के जिरियाट्रिक डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया था। जानकारी के मुताबिक, 26 जून बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उन्हें भर्ती कराया गया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को उम्र संबंधी परेशानियों के चलते अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। वह 2014 के बाद से ही सक्रिय राजनीति से दूर हैं। हाल ही में उनकी तस्वीर सामने आई थी, जब एनडीए संसदीय दल के नेता चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे मिलने उनके घर गए थे और उनका आशीर्वाद लिया था।



## एक करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मियों-पेंशनरों को सरकार नहीं देगी 18 माह का बकाया 'डीए'

**नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने अपने एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों को तगड़ा झटका दे दिया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में स्पष्ट तौर से बता दिया है कि कोरोना काल के दौरान सरकारी कर्मियों का जो 18 फीसदी डीए/डीआर रोका गया था, अब उसका एरियर नहीं मिलेगा। राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने डीओपीटी के सचिव (पी) से आग्रह किया था कि 18 माह के 'डीए' का एरियर, कर्मियों का हक है। केंद्र सरकार के कर्मियों व पेंशनरों को कोरोनाकाल के दौरान रोके गए डीए/डीआर का एरियर जारी किया जाए।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार नहीं होना चाहिए- बाबा रामदेव

**हरिद्वार, 6 अगस्त (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंसा पर योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर किसी भी तरह की क्रूरता या अत्याचार नहीं होना चाहिए - चाहे वो वहां व्यापार करने वाले हिंदू हों, या वहां के हिंदू मंदिर हों या वहां रहने वाले भारतीय हों। इसके लिए पूरे देश को एकजुट होना होगा। मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि पहली बार पूरा विपक्ष सरकार के साथ है और यही भारत की नीति होनी चाहिए। वरना जिस तरह से इस्लामिक कट्टरपंथ दुनिया भर में फैल रहा है और जिस तरह से भारत के पड़ोस में दस्तक दे चुका है, वह देश के लिए खतरनाक हो सकता है। यह एकता आने वाले समय में भी बनी रहनी चाहिए। जो लोग आरक्षण, जाति, धार्मिक कट्टरता के नाम पर देश को बांटना चाहते हैं - यह ठीक नहीं है। इसलिए भारत की राजनीति मुद्दों पर केंद्रित होनी चाहिए।



## अयोध्या पहुंचे सीएम योगी : हनुमानगढ़ी और रामलला के चरणों में झुकाया शीश

**लखनऊ, 6 अगस्त (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां महापौर, विधायक समेत जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री मंगलवार शाम रामकथा पार्क पहुंचे। ?हां से मुख्यमंत्री सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां संकटमोचन हनुमान के चरणों में हाजिरी लगाई। यहां मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भी भेंट किया गया। सीएम ने यहां दर्शन-पूजन के उपरांत अयोध्यावासियों व श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां भी विधिवत दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने श्री राम जन्मभूमि में चल रहे निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव के दौरान अयोध्या पहुंचे थे। सीएम ने उस दौरान भी श्रीराम व संकटमोचन हनुमान के चरणों में हाजिरी लगाई थी। लोकसभा चुनाव के उपरांत मुख्यमंत्री मंगलवार को श्रीरामनगरी पहुंचे।

## रामपुर तिराहा कांड: गवाह के मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल कॉपी पेश करने के आदेश

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** रामपुर तिराहा कांड के सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में गवाह वेद प्रकाश के मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति को नकारते हुए कोर्ट ने मूल कॉपी पेश करने के आदेश दिये हैं। एक अक्टूबर 1994 को हुए रामपुर तिराहा कांड से जुड़े सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले की सुनवाई मंगलवार को पीठासीन अधिकारी अंजनी कुमार के समक्ष हुई। आज इस मामले में गवाह वेद प्रकाश की गवाही पर जिरह होनी थी। सुनवाई के दौरान बताया गया कि गवाह की मौत हो चुकी है, इसके लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस पर कोर्ट ने छाया प्रति प्रमाणित नहीं होने के कारण दिवंगत गवाह वेदप्रकाश के मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल कॉपी प्रस्तुत करने के आदेश दिये। अगली सुनवाई के लिए सात अगस्त की तिथि मुकर्रर की गई है।

## गंगधाड़ी व तुलसीपुर में प्रधानी उप चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

**खतौली, 06 अगस्त (बु.)।** जनपद भरमें जिला पंचायत सदस्य, तीन गांव के प्रधान, दो क्षेत्र पंचायत सदस्य और 20 ग्राम पंचायत सदस्य के उपचुनाव सम्पन्न हुआ। जानकारी के अनुसार प्रधान पद के लिए खतौली तहसील क्षेत्र के गंगधाड़ी और तुलसीपुर में मतदान हुआ। खतौली क्षेत्र के गांव गंगधाड़ी में कुल 2960 मतदाताओं में 1918 वोट डाले गए और तुलसीपुर में कुल 994 मतदाताओं में 791 ने मतदान किया। शाम मतदान संपन्न होने तक गांव गंगधाड़ी में जहां 65 फीसदी मतदान हुआ, वहीं तुलसीपुर में 79.5 फीसदी मतदान हुआ। खतौली की तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने बताया कि दोनों स्थानों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। उप चुनाव को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# टूटेगी उमस की कमर, कई दिन रहेगा झमाझम असर

- मेघ गर्जन और अच्छी बारिश के बीच आएगी हरियाली तीज
- एक सप्ताह तक कम या अधिक बारिश से मिलेगी राहत

**मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)।** तापमान अपेक्षाकृत कम रहते हुए भी उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों के लिए फिर से खुशखबरी है। मॉनसूनी ट्रफ के दिल्ली की ओर लौटने के बाद एक बार फिर बारिश की संभावना बढ़ी है। हरियाली तीज गरजते बरसते मेघों के बीच मनाई जाने के आसार है। आने वाला एक सप्ताह अच्छी बारिश के संकेत लेकर आ रहा है। नगर में आज सुबह से उमस भरी गर्मी के बीच तापमान अधिकतम 33.5 और न्यूनतम 25.5 डिग्री दर्ज किया गया। पूरा दिन अधिक धूप और कम बादलों के बीच उमस भरी गर्मी से लोग पसीना पसीना रहे। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए दिल्ली एनसीआर येलो अलर्ट जारी किया है।

अगस्त में पहले दिन अच्छी बारिश के बाद विगत पांच दिन लगभग सूखे रहे। एकाध हल्की बारिश को छोड़ दें तो मौसम सूखा रहा। बारिश भी राहत के बजाय उमस बढ़ाने वाली साबित हुई। ऐसे में आज भी सुबह से खासा गर्म दिन रहा। तापमान हालांकि बहुत अधिक नहीं था, लेकिन कड़क धूप और उमस से पसीने छूड़ाने वाली गर्मी के कारण जन जीवन बुरी तरह परेशान रहा। ऐसे में लोग आसमान की ओर आंखें उठाए बादलों को गश्त करते निहारते रहे, लेकिन बादलों का दिल नहीं पसीजा। ऐसे में दिन और रात बेहद गर्मी भरे मौसम में एक बार फिर बारिश की उम्मीद लोग लगाए रहे। मौसम विभाग का कहना है कि सूखे और उमस भरी गर्मी का यह क्रम टूटने वाला है। मानसूनी ट्रफ दिल्ली के पास है, जिसके कारण अगले 5-6 दिनों में राजधानी में लगातार मानसूनी बारिश होगी। शाम और रात के समय मौसम की गतिविधि ज्यादा तेज होगी। लगातार बादलों, मध्यम हवा और बारिश के साथ इस सप्ताह दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में मौसम की स्थिति काफी सुखद बनी रहेगी। वहीं, इस दौरान दिल्ली में दिन का तापमान आमतौर पर सामान्य से नीचे रहेगा और अधिकांश दिनों में 30 डिग्री के नीचे बने रहेगा। इस पूरे सप्ताह मौसमी बारिश लगातार होती रहेगी। सप्ताह के आखिर के आसपास मानसूनी बारिश तेज होकर फैल जाएगी। कुछ स्थानों पर शाम और रात में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, मौसम की छिटपुट गतिविधियाँ अगले सप्ताह भी जारी रहेंगी। मानसून ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर शिफ्ट होने की संभावना है। शुरूआत में मानसून ट्रफ पंजाब और हरियाणा के मैदानी इलाकों से पीर पंजाल, धौलाधार, शिवालिक की पहाड़ी श्रृंखलाओं और आगे नेपाल में हिमालय पर्वतमाला की ओर खिसकेगी। अगले कुछ दिनों में ट्रफ रेखा तलहटी से कुछ दूरी बनाए रखेगी और भारत-गंगा के मैदानी इलाकों से होकर गुजरेगी। सप्ताह के मध्य में और बाद में, ऊपरी हवा की पश्चिमी ट्रफ रेखा पश्चिमी छोर को तलहटी के करीब उत्तर की ओर खींच लेगी। जिससे निचले और मध्य स्तर के पहाड़ों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें बढ़ेंगी। 08 से 11 अगस्त के बीच बादल फटने जैसी किसी भी स्थिति के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसके लिए मौसम प्रणाली पर गहन नजर रखी जानी चाहिए। वहीं, उत्तर भारत के पहाड़ों पर 10 और 11 अगस्त को गंभीर मौसम गतिविधि होने की ज्यादा संभावना है। 14 अगस्त 2024 के बाद एक और दौर के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज रात और 7 अगस्त को पूर्वी और पश्चिमी यूपी में लगभग सभी हिस्सों में बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। 8 और 9 अगस्त को भी पूर्वी और पश्चिमी यूपी में तमाम जगहों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। ये स्थिति 11 अगस्त तक बने रहने का अनुमान है।

### पहाड़ों पर बादल फटने की आशंका का अलर्ट

**नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने उत्तराखंड में अगले 3-4 दिनों के लिए भारी बारिश के साथ बादल फटने की आशंका का अलर्ट जारी किया है। देहरादून और बागेश्वर में भारी बारिश हो सकती है। उत्तरकाशी, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, पौड़ी और टिहरी में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इस बीच मौसम विभाग ने लोगों से पहाड़ों की यात्रा को टालने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार बादल फटने का अर्थ है किसी स्थान पर अचानक से अत्यधिक भारी बारिश गरज के साथ हो जाए। जैसे, भारी बारिश यानी एक घंटे में 100 मिमी से या उससे अधिक बारिश एक जगह पर हो जाए, तो इसे बादल फटना करते हैं। एक घंटे में इतनी ज्यादा बारिश होना बादल फटने का प्रारंभिक मानदंड है।

# सड़क दुघर्टना में घायल सेना के जवान की उपचार के दौरान मौत

- परिवार का इकलौता चिराग था आशीष, जवान के निधन से परिवार में मचा कोहराम, गांव में छाया शोक
- सैनिक सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, गमगीन माहौल में श्मशान घाट पर दी गयी मुखाग्नि

**भोपा, 06 अगस्त (बु.)।** दुर्घटना में घायल अस्पताल में उपचार के दौरान सेना के जवान की मौत से शोक की लहर दौड़ गयी है। शुकतीर्थ शमशान घाट पर सैनिक सम्मान के साथ सैनिक का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। भोपा थाना



क्षेत्र के गांव फिरोजपुर खादर (शुक्रताल) स्थित दुर्गा धाम कॉलोनी निवासी राममेहर का एकलौता पुत्र 27 वर्षीय आशीष वर्ष 2019 में बड़ौत में हुई सेना की भर्ती में राष्ट्रीय राइफल में शामिल हुआ था। वर्तमान में आशीष उड़ीसा में तैनात था तथा बीते एक जुलाई से 27 दिन की छुट्टी पर घर आया हुआ था। 20 जुलाई को आशीष बाइक द्वारा किसी कार्य से घर से निकला था। जैसे ही वह दुर्गाधाम मन्दिर के पास पहुंचा तभी ट्रैक्टर ट्राली की साइड लगने से आशीष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान का आर्मी बेस हॉस्पिटल दिल्ली में उपचार चल रहा था। जहां सोमवार की रात उसकी मौत हो गई। आशीष की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को जवान का शव घर पहुंचा। इकलौते पुत्र की मौत से पिता राम मेहर, माता कश्मीरी नव विवाहिता शिवानी, बहन सोनिया, प्रिया व इंदु का रो-रो कर बुरा हाल है। शुकतीर्थ श्मशान घाट पर पिता द्वारा जवान की चिता को मुखाग्नि दी गयी। मेरठ छावनी से आए सेना के जवानों में सूबेदार अजब सिंह के नेतृत्व में जवान को अंतिम सलामी दी।





### शादी के छः माह बाद ही मिट गया शिवानी की माँग का सिन्दूर

**भोपा।** सड़क दुर्घटना में मृतक सेना के जवान आशीष की शादी 18 फरवरी 2024 को गांव अंतवाड़ा में हुई थी। भविष्य के लिये नवदम्पति ने सुनहरे सपने संजोये थे। शिवानी सैनिक पति को पाकर गौरान्वित होती थी। पति की दुर्घटना के बाद शिवानी अस्पताल में उपचार रत पति के लिये रात दिन प्रार्थना कर रही थी। किन्तु सोमवार को उसके संसार उजड़ने की सूचना उसे मिली, तो आंसुओं का सैलाब आंखों से बह निकला।

### 15 वर्ष पूर्व फिरोजपुर आया था आशीष का परिवार

**भोपा।** मूल रूप से जनपद शामली के गांव दतेडा के रहने वाले मृतक सेना के जवान के पिता राममेहर 2009 में गांव फिरोजपुर खादर के दुर्गा धाम कॉलोनी में आकर बस गए थे तथा खेती-बाड़ी करने लगे थे वही आशीष सेना की भर्ती के लिए तैयारी करने लगा था, जहां उसकी मेहनत रंग लाई और वह बड़ौत में हुई सेना भर्ती में चयनित होने के बाद राष्ट्रीय राइफल में शामिल हो गया। हाल में वह उड़ीसा में तैनात था।

### अब किसकी कलाई पर बहनें बांधेगी राखी

**भोपा।** मृतक जवान आशीष अपनी तीन बहनों में इकलौता भाई था। आशीष के जाने से पिता राममेहर व मां कश्मीरी का तो जैसे पूरा संसार ही उजड़ गया। बहन इंदु, सोनिया व प्रिया रोते हुए कह रही थी कि रक्षाबंधन को अब वह अपनी राखी किसकी कलाई पर बांधेगी।

# कृषि विभाग की 36 दुकानों पर छापे, लिए कुल 14 नमूने

**छापेमारी से क्षेत्र में मचा हड़कंप, कई दुकानों के गिरे शटर**

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** जनपद में खाद व बीज की मिल रही शिकायतों के बीच मंगलवार कबो कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी की। विभाग की ओर से की गई छापेमारी से क्षेत्र में उर्वरक विक्रेताओं के साथ ही निर्माताओं में हडकम्प मच गया। इस बीच कुछ दुकानदार कार्यवाही के डर से अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गए। जनपद में कृषि विभाग की तीन टीमों ने सदर, बुढ़ाना, खतौली और जानसठ क्षेत्र में करीब 36 स्थानों पर छापेमारी करते हुए उर्वरक के 14 नमूने जांच के लिए भेजे है। इसके अलावा 8 दुकानदारों को चेतावनी दी।

मंगलवार को शासन के जारी आदेशों के बीच कृषि विभाग की टीमों ने उर्वरक की जांच के लिए छापेमारी की। सीडीओ संदीप भागिया के निर्देशन में कृषि विभाग की गठित तीन टीमों द्वारा छापेमारी की गई। इस अभियान के तहत जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया और वरिष्ठ लिपिक राहुल चौधरी द्वारा सदर क्षेत्र में उर्वरक की दुकानों और गोदामों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम में उनके साथ नामित प्रभारी अधिकारी के रूप में जिला समाज कल्याण अधिकारी रहें। टीम ने इस बीच 16 दुकानों पर छापेमारी करते हुए उर्वरक के कुल 6 नमूने लिए। वहीं चार दुकानदारों को टीम ने चेतावनी दी। इसके साथ ही वरिष्ठ प्राविधिक सहायक दिपांकर ने खतौली और जानसठ क्षेत्र में 12 दुकानों पर छापेमारी करते हुए 6 नमने लिए हैं। वहीं तीन दुकानदारों को चेतावनी दी। वहीं भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव प्रकाश द्वारा बुढ़ाना क्षेत्र में आठ दुकानों पर छापेमारी करते हुए दो नमूने लिए। वहीं टीम ने इस बीच एक दुकानदार को चेतावनी दी है।

**इन्होंने कहा-**

**जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने बताया कि जनपद में उर्वरक की जांच के लिए बुढ़ाना, सदर, खतौली और जानसठ क्षेत्र में छापेमारी की गई है। कुल 36 दुकानों पर छापेमारी की गई है। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान उर्वरक के 14 नमूने लेकर जांच के लिए लैब में भेजे गए हैं, वहीं 8 दुकानदारों को इस बीच चेतावनी नोटिस दी गई है।**



### भतीजे को अस्पताल में भर्ती बताकर साइबर ठग ने ठगे 1.44 लाख

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** शहर के शाहबुद्दीनपुर रोड निवासी दुकानदार अब्दुल वहाब से भतीजे के सऊदी अरब में अस्पताल में भर्ती होने का झांसा देकर 1.44 लाख रुपये ठग लिये गये। ठगी का खुलासा होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने 32 हजार रुपये वापस करा दिये हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर रोड निवासी अब्दुल वहाब की परचून की दुकान है। उसका एक भतीजा फरीद सऊदी अरब में है। एक अगस्त को व्हाटसएप कॉल के जरिये साइबर ठग ने फरीद बनकर बताया कि उसकी तबियत बहुत खराब है और वो फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। इलाज के लिए धन की मांग करने पर चचा जान ने दो खातों में एक लाख 44 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये। रकम ट्रांसफर करने के बाद भतीजे फरीद से बात हुई तो इस ठगी का खुलासा हुआ। पता चला भतीजा फरीद तो सुरक्षित है, किसी ने उन्हें ठगा है। इसके बाद दो अगस्त को पीड़ित अब्दुल वहाब ने शहर कोतवाली में इसकी शिकायत दर्ज कराई। साइबर हेल्प डेस्क ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के 32 हजार रुपये बचा लिये। पुलिस का कहना है कि अन्य रकम के लिए कार्यवाही चल रही है।

# शामली रोड पर हैड कांस्टेबल समरयाब की हादसे में मौत

- चरथावल मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने मुख्य आरक्षी की बाइक में मारी टक्कर
- शामली में तैनात था हैड कांस्टेबल, देवबंद से सुबह के समय ड्यूटी पर जाते समय हुई दुर्घटना

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** शहर के शामली रोड पर मंगलवार सुबह बड़ी अनहोनी हो गई। देवबंद से मोटरसाइकिल पर सवार होकर शामली ड्यूटी पर जा रहे हैड कांस्टेबिल समरयाब को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मुख्य आरक्षी की मौत की खबर से उसके परिवार में मातम छाया हुआ है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में जुटी हुई है। मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे शहर कोतवाली क्षेत्र के शामली रोड पर चरथावल मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक हैड कांस्टेबिल की मौत हो गई। शहर कोतवाली के थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने बताया कि सवेरे करीब सवा पांच बजे पुलिस को ग्राम पीनना गांव से चरथावल मोड़ की तरफ शामली रोड पर अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल में टक्कर मार देने के कारण मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर शहर कोतवाल अक्षय शर्मा मय पुलिस फोर्स के तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से हादसे के सम्बंध में जानकारी ली। हादसा इतना भयावह था कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने बताया कि हादसे में मृतक की शिनाख्त जनपद शामली में तैनात हैड कांस्टेबिल समरयाब निवासी कस्बा देवबंद के रूप में हुई। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों एवं तैनाती जनपद शामली को सूचित करते हुए मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर शव को मोर्चरी में भिजवाया गया है।

# आप सांसद संजय सिंह फिर जाएंगे जेल!

**सुलतानपुर।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कुछ दिनों पहले ही वह दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले में जेल से छूटे हैं। अब यहां एमपी-एमएलए न्यायालय ने बीते वर्ष सुनाई गई सजा को बहाल कर दिया। इस कारण उन्हें नौ अगस्त तक सरेंडर करना होगा। विधि जानकारों का कहना है कि उन्हें तत्काल जमानत नहीं मिलेगी। इस कारण जेल जाना तय है।

यदि हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली तो उनकी राज्यसभा की सदस्यता भी खतरे में पड़ सकती है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया कि 19 जून 2001 को बिजली व्यवस्था की बदहाली के विरोध में पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में सब्जी मंडी के निकट धरना-प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान मार्गजाम किया गया था। आवागमन ठप हो गया था। इसमें तत्समय सपा में रहे व वर्तमान में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव, विजय कुमार, संतोष, सुभाष चौधरी शामिल थे। इनके विरुद्ध कोतवाली नगर में एफआइआर लिखाई गई थी। विशेष मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने 11 जनवरी 2023 को सभी छह आरोपितों को दोषी ठहराकर सजा सुनाई थी, जिसमें सबको डेढ़-डेढ़ माह कैद हुई थी। साथ ही 1500-1500 रुपये जुर्माना लगाया गया था। उसी आदेश के विरुद्ध अपील एमपी-एमएलए जज के न्यायालय में दायर की गई थी। बहस अधिवक्तागण कमलेश कुमार सिंह, करुणा शंकर द्विवेदी, अरविन्द सिंह राजा, रुद्र प्रताप सिंह मदन, विभाष श्रीवास्तव ने पिछली पेशी पर की थी। इस पर मंगलवार को निर्णय हुआ।

### अयोध्या दुष्कर्म मामला: पीड़िता नाबालिग का कराया गया गर्भपात

**अयोध्या।** सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता का मंगलवार को गर्भपात कराया गया। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के क्वीन मेरी अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने यह गर्भपात कराया। इस मामले पर केजीएमयू प्रशासन ने कुछ भी बोलने से इंकार किया है। हालांकि अस्पताल के सूत्रों तथा पीड़िता की मां ने मंगलवार शाम गर्भपात होने की पुष्टि की है। दुष्कर्म पीड़िता को सोमवार को अयोध्या से केजीएमयू के लिए रेफर किया गया था। उसके साथ सीएमओ के साथ ही अन्य अधिकारी भी आए थे। केजीएमयू में डॉक्टरों की टीम ने उसका परीक्षण किया तथा सब कुछ नॉर्मल होने पर मंगलवार को उसका गर्भपात कराया। इस मामले में पीड़िता की उम्र 18 साल से कम थी। पीड़िता को 12 सप्ताह का गर्भ था, इसलिए गर्भपात में कोई कानूनी अड़चन नहीं थी।

# इंस्पेक्टर राजीव बने सिखेड़ा एसओ, दरोगा सतवीर लाइन हाजिर

**एसएसपी अभिषेक सिंह ने तीन चौकी प्रभारियों से छीना चार्ज, सात चौकी प्रभारियों सहित 24 उप निरीक्षकों का किया तबादला**

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** एसएसपी अभिषेक सिंह ने सोमवार देर रात एक बार फिर से पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले करते हुए दो इंस्पेक्टरों और 24 दरोगाओं को इधर से उधर कर दिया है। उन्होंने सिखेडा थाना प्रभारी को गैर जनपद के लिए रिलीव करते हुए वहां पर नया थाना प्रभारी नियुक्त किया तो वहीं तितावी थाने के दरोगा सतवीर सिंह को लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर कर दिया गया। इसके साथ ही सात चौकी प्रभारियों के तबादले हुए, जिनमें से तीन चौकी प्रभारियों से चार्ज छीनकर उनको थानों में भेजा गया है।

एसएसपी अभिषेक सिंह के द्वारा पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत चल रहे इंस्पेक्टर राजीव शर्मा को प्रभारी निरीक्षक थाना सिखेड़ा के पद पर तैनाती दी गई है, जबकि सिखेड़ा के एसएचओ इंस्पेक्टर अविनाश गौतम को गैर जनपद स्थानान्तरण होने पर कार्यमुक्त कर दिया गया है। एसएसपी द्वारा चुनाव सैल में कार्य कर रहे इंस्पेक्टर संजय आर्य को अपराध शाखा भेजा गया है। इसके अलावा एसएसपी ने बुढ़ाना मोड़ चौकी से इंचार्ज एसआई लोकेश गौतम को हटाकर उन्हें प्रभारी चौकी खालापार बनाया है। भूड़ खतौली चौकी प्रभारी विक्रात कर्दम को प्रभारी चौकी कस्बा खतौली, राखी पब्लिक स्कूल चौकी प्रभारी पंकज शर्मा को चार्ज से हटाकर थाना बुढ़ाना, भौराकलां में तैनात गणेश शर्मा को प्रभारी चौकी किदवईनगर खालापार, एसएसआई मंसूरपुर संजय तोमर को प्रभारी चौकी भूड खतौली, किदवईनगर चौकी इंचार्ज रविन्द्र कुमार को चार्ज से हटाते हुए थाना खालापार, पुलिस लाइन से सुनील कुमार को प्रभारी चौकी बुढ़ाना मोड़, शिवकुमार शर्मा को एसएसआई थाना मंसूरपुर, स्टेडियम चौकी प्रभारी सत्येन्द्र सिंह को एसएसआई थाना खालापार, पुलिस लाइन से ओमबीर सिंह को प्रभारी चौकी स्टेडियम, देवदत्त सिंह को चरथावल, अशोक कुमार को मंसूरपुर, मोहित कुमार को रतनपुरी, राजकुमार और हरबीर सिंह को पुरकाजी, मोहित सिंह को तितावी, पूरन सिंह को सिविल लाईन, दीपक कुमार को जानसठ, प्रदीप को कचहरी सुरक्षा, ज्ञानेन्द्र नागर को एसएसआई थाना छपार, कश्मीर सिंह को थाना मीरापुर में तैनात किया गया है। थाना तितावी से उप निरीक्षक सतवीर सिंह को पुलिस लाईन में आमद कराने के आदेश दिये गये हैं। इसके अलावा थाना खतौली की मण्डी पुलिस चौकी के प्रभारी जोगेन्द्र पाल सिंह को प्रभारी चौकी राखी पब्लिक स्कूल सोहंजनी तगान और खालापार चौकी इंचार्ज रामवीर सिंह को प्रभारी चौकी मण्डी थाना खतौली बनाया गया है।

# गरजा एमडीए का महाबली, 62 बीघा भूमि का निर्माण ध्वस्त

- पचैंडा रोड व भोपा रोड पर हुई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही
- अनाधिकृत रूप से हुई अवैध प्लॉटिंग पर की गई कार्यवाही

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** अवैध रूप से नगर के बाहरी इलाकों में हो रही प्लॉटिंग पर अंकुश लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच एमडीए की टीम का अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के जोन-3 अंतर्गत उपाध्यक्ष कविता मीना के निर्देश पर अवैध भू-स्वामी-प्लॉटिंगकर्ताओं के निर्माण कार्यो को ध्वस्त करते हुए शासन की मंशा का संकेत दिया। एमडीए के महाबली ने इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में करीब 62 बीघा भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए जमींदोज कर दिया। एमडीए की इस कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा और अवैध कारोबार में लगे लोगों में अफरा तफरी का माहौल रहा।



मंगलवार को एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीना के निर्देश पर अवैध भू-स्वामी-प्लॉटिंगकर्ता मौ. इश्तेकार पुत्र स्व. अब्बास, बचन सिंह कॉलोनी से नसीरपुर को जाने वाली सड़क पर सरवट बाहर हदूद में लगभग 12 बीघा भूमि पर एमडीए का महाबली जमकर गरजा। एमडीए टीम को देखकर आसपास के इलाकें में भी हड़कंप सा मचा रहा। इसके अलावा टीम ने मौ. महराज पुत्र फैय्याज, मौ. कल्लू एवं मौ. इदरीश की ओर से बचन सिंह कॉलोनी से नसीरपुर को जाने वाली सड़क पर सरवट बाहर हदूद में लगभग 18 बीघा और देवचंद्र जिंदल एवं मदन लाल जिंदल पुत्र शिव लाल जिंदल ने 29 कूकड़ा बाहर हदूद में लगभग 6 बीघा भूमि को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही इसी क्षेत्र में मौ. मारूफ त्यागी पुत्र स्व. शमीम त्यागी एवं फरमान द्वारा बचन सिंह कॉलोनी से नसीरपुर को जाने वाली सड़क पर सरवट बाहर हदूद में लगभग 10 बीघा का ध्वस्तीकरण किया गया। मंगलवार को हुई कार्रवाई में अंकित बंसल पुत्र ओमप्रकाश बंसल, भोपा रोड पेट्रोल पंप के सामने करीब 10 बीघा भूमि पर अनाधिकृत रूप से (प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना) अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को विकास प्राधिकरण ने ध्वस्त किया। अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध एमडीए द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे। जिसमें चालानी कार्यवाही के बाद पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग के भू-स्वामियों ने स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त 05 स्थलों पर लगभग 62 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। अवैध कालोनी ध्वस्तीकरण कार्यवाही में प्राधिकरण के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, एवं प्राधिकरण टीम के साथ पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा।

# कोतवाली से बाहर निकलते ही बोला हमला... एक की मौत, तीन घायल, मृतक पक्ष का तहसील में हंगामा

**बुढ़ाना, 6 अगस्त (बु.)।** दो पक्षों में किसी मामूली बात को लेकर झगड़ा हो गया। कोतवाली में दोनों पक्षों की तहरीर गयी, तो दोनों पक्षों को बुढ़ाना पुलिस ने कोतवाली बुलवाया और झगड़ा न करने की हिदायत देकर जांच करने के बाद कार्यवाही की बात कही। तब एक पक्ष जैसे ही घोड़ा तांगे में सवार होकर कोतवाली से बाहर निकला, तो दूसरे पक्ष ने जानलेवा हमला बोल दिया। जिससे घोड़ा बिदक गया और डिवाइडर से जा टकराया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि 3 लोग घायल हो गये। मृतक पक्ष के लोगों ने कोतवाली जाने के बजाए आरोपी पक्ष के घर पर हमला कर तोड़फोड़ कर दी, तो मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के चंगुल से एक युवक को छुड़ाकर उसकी बुआ के यहां पहुंचाकर मामला शांत कराया और शव को पीएम के लिए भेज दिया। इस मामले में मृतक पक्ष के लोगों ने रालोद नेता आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय का घेराव कर हत्यारों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की, जिसमें एसडीएम ने बुढ़ाना पुलिस को मामले की सही जांच करने के निर्देश दिए।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला चंधेड़ी रोड निवासी अमर प्रजापति पुत्र भोपाल ने बताया कि उसके पिता भोपाल के खिलाफ पड़ौसी सुमित कश्यप पुत्र विनोद झूठे प्रार्थना पत्र देता रहता है तथा बार बार माफी भी मांग लेता है। अब फिर सुमित ने बीते दिन उसके पिता के खिलाफ बुढ़ाना कोतवाली में झूठी रिपोर्ट दी, जिसमें पुलिस ने उसके पिता भोपाल को बीती 05 अगस्त की रात को कोतवाली में 10 बजे बुलवाया था। उसका पिता अन्य पड़ौसी नरेश पुत्र बलधारा, रोशन पुत्र खड़कसिंह व अशोक पुत्र मंगता के साथ घोड़ा तांगे में बैठकर बुढ़ाना कोतवाली गया था, वहां उसके पिता भोपाल ने भी पुलिस को सुमित के खिलाफ तहरीर दी थी, जिसमें पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया था। कोतवाली से निकलते ही आरोपी सुमित के साथियों ने घोड़े तांगे में बैठे लोगों पर हमला कर दिया, जिससे घोड़ा बिगड़ गया और अंधाधुध भागने लगा, जिससे तांगे में बैठे लोगों को काफी चोटें आयी तथा उसके पिता भोपाल की गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी सुमित कश्यप ने फर्जी डॉक्टरी कराकर उसके पिता के खिलाफ तहरीर भी दी थी। उधर दूसरी ओर कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब भोपाल की मौत हो गयी, तो पीड़ित पक्ष शव लेकर घर आ गया और आरोपी सुमित के घर पर हमला बोलकर उसके पिता विनोद को पकड़ लिया और उसकी हत्या का प्रयास किया तो फिल्मी स्टाइल में मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने विनोद को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अपने कब्जे में लेकर उसकी डॉक्टरी कराकर अर्धरात्रि में 3 बजे उसकी बुआ के यहां गांव चंधेड़ी में छोड़ दिया और मृतक भोपाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में आज मंगलवार की सुबह युवा रालोद नेता आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने बुढ़ाना कोतवाली थाने के बजाए एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की, जिस पर एसडीएम ने आक्रोशित भीड़ को शांत कर बुढ़ाना पुलिस को सही जांच करने के निर्देश दिए।

# कच्ची सड़क पर घुसने वाले 18 टायरा ट्रक का कटा 20 हजार का चालान

**बुलेटिन पर वीडियो देखने के बाद जागा प्रशासन**

**मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बु.)।** आंध्र प्रदेश के ट्रक संख्या एपी07टीई 8859 शाम के समय अस्पताल चौराहे से कच्ची सड़क की ओर मुड़ते हुए बुलेटिन के कैमरे में कैद हो गया। बुलेटिन का कैमरा उक्त ट्रक को कच्ची सड़क चौकी तक वॉच करता रहा और लगातार बनाई जा रही वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। यूं तो मुजफ्फरनगर प्रशासन अस्पताल चौराहे को बेहद व्यस्त बताते हुए अपनी सुविधा के लिए कच्ची सड़क से अस्पताल आने वाले रास्ते पर यह कहकर बेरिकेडिंग लगाये हुए हैं कि उक्त रास्ता खुला हुआ होने से भीड़ हो जाती है, जबकि उसी रास्ते से चंद कदम की दूरी पर एक ओर रास्ता जो कच्ची सड़क की तरफ जाता है, उक्त रास्ते से मंगलवार की दोपहर साढ़े तीन बजे 18 टायरा ट्रक मुड़ता दिखाई दिया। होमगार्ड आसानी से उसे खुद मुड़वा रहा था। यह दृश्य जब बुलेटिन के कैमरे ने देखा तो इसे अपने कैमरे में तो कैद कर ही लिया। साथ ही साथ फिर ट्रेफिक विभाग से सवाल खड़े किये, कि जब आम जनता के जाने के लिए ही ऐसे स्थानों पर जगह नहीं है, तो फिर इतने बड़े वाहन को दिन के समय ऐसी छूट किस आधार पर दी जा रही है, क्या प्रशासन ने इसमें कोई आपसी सहमति बना रखी है। उक्त मामला जब ट्रेफिक विभाग के इंचार्ज तक पहुंचा तो उन्होंने ट्रक का अता पता लिया तो उक्त ट्रक चालक ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि गूगल मैप द्वारा गलती हो जाने के कारण वह इधर से आ गया था, उसे तो मदीना चौक पहुंचना था, जैसा जैसा रास्ता मैप दिखाता रहा, वह चलता गया और व्यस्ततम चौराहे पर आकर फंस गया। आंध्र प्रदेश के उक्त ट्रक पर बीस हजार रुपये जुर्माना कर दिया गया है।

यातायात पुलिस उत्तर प्रदेश

Challan

Traffic Challan No.:UP173718240806154355
Challan Date:Aug 06, 2024 03:43 pm
Vehicle No.:AP07TE8859
Vehicle Class:Goods Carrier

Location:FMGW+XW9, Sisona Rd, Civil Lines North, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh 251001, India

Violator Type:Driver
Owner Name:SHAIK SULEMAN
Owner Address:8-10/1, NEAR JENDA CHETTU, PEDAKAKANI, -522508
Owner Mobile No:9705784023
Owner S/W/D of:CO Shaik Mujahid

Driver Name:RAVI KUMAR NUTANKKI

### सईदुज्जमा व सलमान सईद कोर्ट में पेश

**मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)।** जनपद में 2013 के दंगे के दौरान शहीद चौक पर भड़काऊ भाषण देने के मामले में आरोपियों पर आरोप तय नहीं हो सके। प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री सईदुज्जमां और उनके बेटे सलमान सईद कोर्ट में पेश हुए। बचाव पक्ष ने कहा कि सेशन कोर्ट में रिवीजन दाखिल किया गया है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तिथि नियत की। करीब 11 साल पहले 30 अगस्त 2013 को शहर के शहीद चौक पर बिना अनुमति के जनसभा करने के आरोप में पूर्व मंत्री समेत 10 आरोपी बनाए गए थे। जुमे की नमाज के बाद आयोजित जनसभा में भड़काऊ भाषण देने पर पूर्व मंत्री सईदुज्जमा, पूर्व विधायक नूरसलीम राना, पूर्व विधायक मौलाना जमील सहित अन्य नेताओं के खिलाफ मुकदमा अदालत में विचाराधीन है।

## दो पत्नियों के विवाद में पति ने जहर खाया मौत



**मीरापुर, 6 अगस्त (बु.)।** दो पत्नियों के बीच हुए विवाद से क्षुब्ध होकर पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के दौरान पति की मौत हो गई। परिजनों ने बिना कानूनी कार्यवाही शव को दफना दिया। कैथोड़ा गांव निवासी सलमान पुत्र अलाउद्दीन (25) ने दो शादियां की थी। दोनों पत्नियां सलमान के साथ एक ही घर में रह रही थी। करीब पांच दिन पूर्व सलमान की दोनों पत्नियों के बीच किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया था, जिस पर सलमान ने अपनी दोनों पत्नियों को समझाने का प्रयास किया, किन्तु वह नहीं मानी। इस बात से क्षुब्ध होकर सलमान ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई तथा परिजन आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुँचे, जहाँ से चिकित्सक ने उसे मवाना रैफर कर दिया, जहाँ पांच दिन से उसका उपचार चल रहा था। तबियत में सुधार नही होने पर मंगलवार को मवाना से चिकित्सक ने उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय रास्ते में सलमान की मौत ही गयी। देर शाम सलमान का शव गांव पहुँचा। सलमान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए उसके शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। मामले पर इंस्पेक्टर दिनेशचंद्र बघेल ने बताया कि इस प्रकार का मामला संज्ञान में नहीं है।

# तीन चिकित्सा संस्थान व एक अवैध एक्सरे सील

**चरथावल में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप**

**मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)।** जिले में अवैध रूप से संचालित चिकित्सा केंद्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मंगलवार को चरथावल में स्वास्थ्य विभाग ने छापमारी करते हुए संचालित तीन अस्पताल और एक एक्स-रे मशीन को सील कर दिया गया है। इन संस्थानों से अनुमति प्रमाणपत्र मांगा गया था, लेकिन ऐसे कोई कागजात नहीं दिखाए जाने के बाद यह कार्यवाही की है। अवैध रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों और ोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सतीश कुमार के नेतृत्व में नहर पटरी पर स्थित हॉस्पिटल, बिस्मिल्लाह मार्केट स्थित हॉस्पिटल और थानाभवन रोड पर एक क्लीनिक एवं एक एक्स-रे मशीन की दुकान की जांच गई गई। चिकित्सा विभाग ने कुछ दिन पहले विभाग ने कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोर अस्पताल एवं क्लीनिक को अपने कागजात एवं लाइसेंस दिखाने के लिए नोटिस जारी किया था। इस संबंध में कुछ संचालकों ने स्वास्थ्य विभाग के आदेश का पालन नहीं किया। इसी के बाद विभाग ने जांच पड़ताल शुरू की तो कई संस्थान अवैध पाए गए। आज विभाग के अधिकारियों के छापे की कार्रवाई की भनक लगते ही ोला छाप चिकित्सकों में खलबली मच गई और अवैध रूप से चल रहे चिकित्सा संस्थानों के संचालक क्लीनिक बंद कर लापता हो गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन अवैध चिकित्सा संस्थानों एवं एक एक्स-रे मशीन पर सील लगा दी। सीएचसी प्रभारी ने बताया कुछ हॉस्पिटल अवैध रूप से संचालित किए जाने की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि 15 दिन बाद भी नोटिस दिए जाने के बाद कई अस्पताल संचालकों ने कोई जवाब नहीं दिया और ना ही लाइसेंस संबंधी कागजात दाखिल किए। यदि भविष्य में अनाधिकृत हॉस्पिटल संचालित पाया गया तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। छापमार टीम में थाना प्रभारी जसवीर सिंह, फार्मासिस्ट जोध सिंह, मोहन कुमार आदि शामिल रहे।

### दो कार टकराई

**खतौली, 06 अगस्त (बु.)।** जीटी रोड स्थित मेपल्स एकेडमी के निकट दो कार आपस में टकरा गई। गनीमत रही कि दुर्घटना में कार चालक सुरक्षित रहा। जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर व मेरठ की तरफ से दो कार आ रही थी। जैसे ही वह आमने-सामने पहुंची, तो एक कार का चालक से कार अनियंत्रित हो गई और वह सामने वाली दूसरी कार टकरा गई, जिससे दोनों कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक व कार सवार यात्री सुरक्षित हैं।

**शेष - अवैध बेसमेंट बंद नहीं ...**

से निर्माण के बाद वहां इनका उपयोग किया जा रहा है। उनको 15 दिन के अन्दर बन्द करते हुए बेसमेन्ट के फोटोग्राफ व अन्य अभिलेख सहित प्राधिकरण को सूचित करना सुनिश्चित करें। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र/शपथ पत्र उपलब्ध करायें कि भविष्य में भी आपके द्वारा स्वीकृति के भिन्न बेसमेन्ट का उपयोग नहीं किया जायेगा। यदि भवन स्वामियों द्वारा उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है तो 15 दिन के पश्चात बेसमेन्ट के विरुद्ध सील की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। दिल्ली की घटना के बाद इस मामले में कार्रवाई तो शासन के डंडे पर की जा रही है, लेकिन एमडीए के पास इस बात का क्या जवाब है कि घर के बाद रेत पड़ा देखकर नोटिस की धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले उसके अमले के रहते इतनी बड़ी संख्या में अवैध बेसमेंट बन कैसे गए। फिर तत्काल कार्रवाई के बजाय पंद्रह दिन का समय किस कारण से इन भवनों को दिया जा रहा है।